मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

# जामिया के वीसी और रजिस्ट्रार ने सूरत में माननीय कुलाधिपति परम आदरणीय सैयदना मुफ़द्दल सैफ़ुद्दीन से की मुलाकात

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के कुलपति प्रोफेसर मज़हर आसिफ़ और रजिस्ट्रार, प्रोफेसर मोहम्मद महताब आलम रिज़वी ने हाल ही में सूरत में जेएमआई के माननीय चांसलर (अमीर-ए-जामिया) और दुनिया भर में दाऊदी बोहरा समुदाय केलीडर, परम आदरणीय सैयदना मुफ़द्दल सैफ़ुद्दीन से मुलाकात की।

इस मुलाकात में विश्वविद्यालय की प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया और प्रमुख संस्थागत प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। विश्वविद्यालय के चल रहे विकास और भविष्य की पहलों पर विशेष ध्यान दिया गया। विषयों में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्थापना, दंत चिकित्सा संकाय में स्नातकोत्तर एमडीएस कार्यक्रमों की शुरुआत, आगामी दीक्षांत समारोह की योजना और विश्वविद्यालय में छात्राओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक नए गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण शामिल था।

परम आदरणीय ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया की शैक्षणिक उत्कृष्टता और राष्ट्रीय प्रगति में योगदान के लिए सराहना की। उन्होंने कुलपति और रजिस्ट्रार को विश्वविद्यालय की भविष्य की सफलता के लिए अपने निरंतर समर्थन और शुभकामनाओं का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने परम आदरणीय के बड़े भाई, प्रिंस क़ायदजोहर एजुद्दीन से भी मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने अलजामिया-तुस-सैफिया अरबी अकादमी, समुदाय के कौशल विकास केंद्रों और महिला सशक्तिकरण पहलों का भी दौरा किया। इन विज़िट ने समुदाय के शिक्षा और सामाजिक कल्याण के समावेशी मॉडल के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की, जो जामिया के शिक्षा को समानता, सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण की एक शक्ति के रूप में देखने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

प्रो. आसिफ़ और प्रो. रिज़वी ने कहा, "माननीय कुलाधिपति के साथ मुलाकात उत्साहजनक और प्रेरणादायक रही और इससे हमें ऐसा मार्गदर्शन मिला जिससे अकादमिक उत्कृष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व के केंद्र के रूप में जामिया मिल्लिया इस्लामिया की भूमिका का विस्तार करने का हमारा संकल्प और मज़बूत हुआ।"

जामिया के कुलाधिपति, जोकि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति, एकता, करुणा और भाईचारे के अग्रदूत के रूप में विख्यात हैं, उनके दूरदर्शी नेतृत्व में प्रो. आसिफ और प्रो. रिज़वी ने सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक रूप से हाशिये पर खड़े छात्रों को शिक्षा, विकास और राष्ट्र निर्माण के दायरे में लाने के जामिया मिल्लिया इस्लामिया के विजन और मिशन को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

यह विज़िट कोलाब्रेशन को मजबूत करने, अकादमिक क्षमता को बढ़ाने और विश्वविद्यालय की दूसरी शताब्दी के विकास और राष्ट्र की सेवा के दृष्टिकोण के साथ अपनी पहल को श्रेणीबद्ध करने के लिए जेएमआई के प्रयासों को दर्शाती है।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी